प्रैस विज्ञप्ति

एस0एन0अहलावत अन्तः सदनीय बास्केटबाल प्रतियोगिता ।

मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई के अगले कम के अन्तः सदनीय खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत एस0एन0 अहलावत बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18.10.2021 तक हुआ। इसमें चारों सदन (सोम, इन्द्र, वरूण व सूर्य) के छात्रगण ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता लिग प्रतियोगिता के अन्तर्गत खेली गई। इस प्रतियोगिता को चार वर्गो में बांटा गया। जिसमें कनिष्ठ छात्र व कनिष्ठ छात्राएं, वरिष्ठ छात्र व वरिष्ठ छात्राएं। कनिष्ठ छात्रों की स्पर्धा में सूर्य सदन प्रथम रहा वहीं कनिष्ठ छात्राओं में वरूण सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन वरिष्ठ वर्ग की स्पर्धा आयोजित की गई। इस दिन के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य एवं निदेशक कर्नल अशोक मोर रहे। उन्होंने सबसे पहले श्री एस.एन. अहलावत जी की तस्वीर पर फूलों की माला चढाई और प्रतियोगिता शुरू करने की अनुमति दी। वरिष्ठ छात्रों की स्पर्धा में प्रथम स्थान वरूण व इन्द्र सदन में प्राप्त किया। वरिष्ठ छात्राओं में सूर्य सदन प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में अन्त में एस0एन0 अहलावत बास्केटबॉल प्रतियोगिता की ट्राफी मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य एवं निदेशक, एम0एन0एस0एस0, राई द्वारा विजेता सदन (सूर्य सदन) को प्रदान की गई । परिणाम इस प्रकार रहेः– सूर्य सदन, वरूण सदन, सोम सदन व इन्द्र सदन ।